कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गाजीपुर।

संख्याः 83/xv   गाजीपुरः दिनांकः मार्च 05,2024

विज्ञप्ति

दीवानी न्यायालय, जनपद–गाजीपुर में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजीपुर के पद पर नियुक्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के No. 2667/2024/Admin 'G-1' Dated: 29.02.204 के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमंत्रित किये जाते है। चयन हेतु निर्धारित अर्हता व अन्य शर्तों हेतु माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in का अवलोकन किया जा सकता है तथा अन्य विवरण हेतु जनपद न्यायालय, गाजीपुर के वेबसाइड https://ghazipur.dcourts.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

निर्धारित प्रारूप में पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन–पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, गाजीपुर में दिनांक **02–05–2024** के सायं **05:00** बजे तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार इस आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक प्रति स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु जिला सूचना अधिकारी, गाजीपुर को नियमानुसार प्रेषित हो तथा इसकी एक प्रति जनपद न्यायालय, गाजीपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जावें।

नोडल अधिकारी कम्प्यूटर/सिस्टम ऑफिसर कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, गाजीपुर माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइड पर एवं जनपद न्यायालय, गाजीपुर के वेबसाइड पर विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजीपुर के पद पर नियुक्ति/चयन हेतु आवश्यक सूचना अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

समस्त सम्बन्धित सूचित हों।

(संजय कुमार-VII)
जनपद न्यायाधीश,
गाजीपुर।
04/03/2024